# अतिक्रमण पर जे.सी.बी. का पीला पंजा चला



जामोला गांव में रास्ता बंद कर किए गए अतिक्रमण को हटाया।

**मसूदा,** (निसं.)। निकटवर्ती ग्राम जामोला में सरकारी भूमि में बने रास्ते पर अतिक्रमण कर रास्ता बंद कर देने से अतिक्रमण हटा कर रास्ता खोला गया। जानकारी के अनुसार जामोला में अन्य किसानो के खेतो पर जाने के रास्ते को अतिक्रमण कारियो द्वारा अपना कब्जा कर रास्ते को बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार शिल्पा चौधरी सरपंच नरेंद्र विक्रम सिंह भू अभिलेख निरीक्षक जितेंद्र सांदू अब्बास अली, पटवारी गोपाल नील ने मौके पर जाकर जे सी बी मशीन की सहायता से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर रास्ता बंद कर दिए जाने से उसे खुलवाया गया। और ग्रामीणों को रास्ता दिलाया।

**एडीए ने हटाया अतिक्रमण :** अजमेर के ग्राम डांग सराधना में अजमेर विकास प्राधिकरण के खसरा नम्बर 6029 किस्म गै0मु0 नाले पर अड़ोसी-पड़ोसी खातेदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए एडीए की गठित टीम एवं जाप्ते सहित मौके पर पहुंचे। मौके पर अजमेर विकास प्राधिकरण स्वामित्व के नाले की भूमि पर तारबन्दी एवं कांटों की बाड़ लगाकर अवैध अतिक्रमण कर रखा था, जिसको जे.सी.बी. की सहायता से हटाकर प्राधिकरण की भूमि को मुक्त किया गया।

एडीए के मीडिया प्रभारी सूर्यकान्त शर्मा ने बताया कि इसी तरह ग्राम सराधना के कृषि भूमि खसरा नम्बर 2595 रकबा 0.61 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 2596 रकबा 0.28 हैक्टेयर भूमि में बिना भू-उपयोग परिवर्तन के कृषि भूमि पर काटी जा रही आवासीय कॉलोनी के मुटाम हटाये गये व कृषि भूमि पर डाली गयी सड़के खोद कर मौके से अवैध कॉलोनी को हटाया गया। मौके पर राजस्व टीम के पटवारी साजन सुनारीवाल, भू.अ.नि. सोनी देवनानी उपस्थित थे।

## मुनिसुव्रत भगवान की प्रतिमा पर किया अभिषेक

**मदनगंज-किशनगढ,**(निस)। सिद्ध चक्र महामंडल विधान की चतुर्थ वलय की पूजा कर सिद्ध चक्र महामंडल विधान पर 64 रिद्धि के 64 अर्घ चढाए । इससे पूर्व मुनिसुव्रत भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक किए, जिसके पुण्यार्जक सौधर्म परिवार के प्रदीप कुमार, पियूष कुमार व सौरभ कुमार गंगवाल परिवार रहे। रंजीत गंगवाल एवं प्रदीप गगवाल ने शांति धारा का सौभाग्य प्राप्त किया। आचार्य विद्यासागर की पूजा कर अर्घ समर्पित किये। गायिका अहिंसा जैन ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। उप मंत्री इंदरचंद पाटनी ने बताया कि सिद्धचक्र विधानमंडल पर श्रावक रत्न आर के मार्बल ग्रुप चेयरमैन अशोक पाटनी ने सौधर्म इंद्र परिवार के साथ अर्घ चढाए। संयोजक मोना झांझरी ने बताया कि चेलना जाठाति महिला मण्डल, दिगंबर जैन महिला महासमिति व पारसनाथ महिला मण्डल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सोधर्म इंद्र प्रदीप गंगवाल परिवार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान आदिनाथ पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल मंत्री विनोद चौधरी, चेतन कटारिया, कमल सेठी रतन दगडा, संजय झांझरी, सुलोचना कासलीवाल, अंतिमा झांझरी, कुसुम कटारिया, सुशील चौधरी, सीमा सेठी सहित बडी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

## समावेशी बाल मेले का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न केंद्रों पर समावेशी बाल मेले का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम मीनू मनोविकास मंदिर इनक्लूसिव स्कूल, चाचियावास में हुआ, जहां संस्था के निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक, संयुक्त निदेशक श्री अनुराग सक्सेना, अतिरिक्त निदेशक श्री तरुण शर्मा, और उप निदेशक श्री नानू लाल प्रजापति ने इस बाल मेले का उद्घाटन किया। इस आयोजन में मीनू स्कूल और सागर कॉलेज के 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मेले में बच्चों के लिए कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें भेलपुरी, समोसे, टनाटन शॉप जैसे खाने-पीने के स्टॉल और विभिन्न खेल शामिल थे। बच्चों ने इन गतिविधियों का पूरा आनंद उठाया। इसके साथ ही, संस्था की एक्सेस टू जस्टिस टीम ने बच्चों के साथ खेल-मनोरंजन में भाग लिया और बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता भी फैलाई।

इसी तरह, अद्वैत सेंटर में भी बाल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अद्वैत सेंटर के बच्चों के साथ अन्य स्कूलों से भी बच्चे शामिल हुए, जिनमें आर्यन पब्लिक स्कूल के 51 बच्चे और दो अध्यापिकाएं - कविता खत्री व कविता , तथा फर्स्ट स्टेप स्कूल के 20 बच्चे और अध्यापिका सुनीता शर्मा व रचना जी मौजूद रहीं।

## सार-समाचार

### जगतगुरु निंबार्क पीठाधीश्वर ने की संत महात्माओं से शिष्टाचार भेंट



जगद्गुरु निंबार्क पीठाधीश्वर श्री श्याम शरण जी देवाचार्य श्री श्रीजी महाराज पुष्कर प्रवास पर रहे।

**पुष्कर,** (निसं.)। कार्तिक पंचतीर्थ महास्नान के चलते जगद्गुरु निंबार्क पीठाधीश्वर श्री श्याम शरण जी देवाचार्य श्री श्रीजी महाराज बीते तीन दिन से पुष्कर में ही प्रवास कर रहे है। यही वजह है कि आज षड दर्शन साधु समाज पुष्कर के महामंत्री एवं श्री रामसखा पीठाधीश्वर महंत नंदराम शरण जी महाराज की अगुवाई में पुष्कर के संतो के एक शिष्टमंडल ने श्रीजी महाराज से भेंट कर संत समाज एवं पुष्कर तीर्थ के बारे में चर्चा की। भेंट करने वाले संतो में अयोध्या के महात्यागी 1008 श्री महंत रामसंतोष दास जी महाराज, श्री गोपालदास जी महाराज, महंत तुलसीदास जी महाराज, महंत शिवदास जी महाराज, सुदर्शन दास जी महाराज, गोपाल गिरी जी महाराज सहित अन्य कई संत महात्मा मौजूद थे। खास बात यह है कि कार्तिक महीने से सिद्ध महापुरुषों को गुरु के रूप में स्वीकार कर उनसे दिया ग्रहण करने से ना सिर्फ जीवन का अंधकार दूर हो जाता है बल्कि शिष्य को अक्षय कोटि फल भी मिलता है। यही वजह है कि गिरिधर गोपाल मंदिर में आज सुबह पूज्य गुरुदेव के द्वारा कई शिष्यों को दीक्षा दी गई। दिखा देने का यह कार्य कल 14 और 15 नवंबर पूर्णिमा को भी जारी रहेगा। जो भी महिला पुरुष गुरुदेव से दीक्षित होना चाहते है वे सुबह 11 बजे मंदिर पहुंचकर पुजारी नवनीत शास्त्री से संपर्क कर सकते है।

### जनसुनवाई वीसी आज

**मसूदा,** (निसं.)। राज्य सरकार के संकल्प पत्र के तहत आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित समाधान हेतु उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई को समायोजित करते हुए प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को ब्लॉक स्तर (पंचायत समिति स्तर) पर उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे से जनसुनवाई पूरी होने तक राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीसी कक्ष में आज आयोजित की जाएगी। इसमें सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेगें।

## जनजातीय समाज के विकास पर निबंध लेखन

**भीलवाडा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जागरूकता हेतु बुधवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनजातीय समाज के विकास और उत्कर्ष के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से किया गया।

सीडीईओ अरुणा गारू ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज जिले के सभी विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जनजातीय समाज के विकास और उत्कर्ष से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। गौरतलब है कि 15 नवम्बर को देश आजादी के महान नायक आदिवासी नेता और महान व्यक्ति भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहा है। भारत सरकार वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष एवं 15 नवम्बर 2024 को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करते हुए इस दिन को पूरे देश में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रमों के साथ वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत करने जा रही है। प्रधानमंत्री जी द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ठााम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया था। अभियान का उद्देश्य चयनित आदिवासी बहुल गांवों में सक्षम बुनियादी ढांचे का विकास करना तथा सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाना है। सरकार के समठा दृष्टिकोण को अपनाकर, मिशन का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा कौशल तक पहुंच में सुधार करना है। साथ ही जनजातीय वर्ग के लोगों को सुरक्षित आवास, समुचित कनेक्टिविटी, जनजाति वर्ग के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, वन संरक्षण आदि को बढावा देना है।

## पांच नवीन आंगनबाडी केंद्र खोलने की घोषणा

**भीलवाडा।** महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 नए भीलवाडा केंद्र खोलने का ऐलान बजट में किया था। भीलवाडा विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा के अनुसार भीलवाड़ा शहर में 5 नवीन आंगनबाड़ी खोलने की घोषणा हुई है जिसमें वर्णित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर उपयुक्त स्थल का चयन कर जल्द से जल्द जनहित में यह सभी आंगनवाड़ी केंद्र शुरू करने के निर्देश प्रदान किए जिससे इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों एवं बालकों को फायदा मिल पाएगा

आंगनबाड़ी केंद्र हेतु प्रस्तावित स्थान - वार्ड नं 69 में गायत्रीनगर डिस्पेंसरी के पास, वार्ड नं 15 में प्रतापनगर स्कूल के पीछे आजादनगर, वार्ड नं 7 में घरोंदा कॉलोनी चंद्रशेखर आजादनगर, वार्ड नं 50 में प्राथमिक स्कूल के पास आदर्शनगर, वार्ड नं 53 में टंकी के पास नेहरू विहार।

## समाज सेवा ही ईश्वर सेवा के समान है: चौपडा

### प्रदेश अध्यक्ष चौपडा के भीलवाडा आगमन पर यूनेस्को सदस्यों ने किया स्वागत सम्मान

■ चौपडा यहां आचार्य ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे थे

**भीलवाडा।** स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद चौपडा के भीलवाड़ा आगमन पर प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली व जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका के नेतृत्प में उनका मेवाडी पगडी पहना स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर चौपडा ने कहा कि समाज सेवा ही ईश्वर सेवा के समान है इसके तहत समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना एवं प्रगति के मांर्ग पर अग्रसर करना प्रत्येक यूनेस्को सदस्य का पहला कत्तर्व्य है। ऐसी परोपकार भावना से ही यूनेस्को की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सकता है।

भीलवाड़ा जिला यूनेस्को एसोसिएशन की जिला प्रवक्ता मधु लोढा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के भीलवाडा पहुंचने पर जैन ज्योति कॉलोनी स्थित निजी आवास पर यूनेस्को पदाधिकारियों ने उनका स्वागत सम्मान किया। चौपडा यहां आचार्य ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे थे। इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित अठावाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन, ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. पुष्पा गोखरू, सुनिता लोढा, सुलेखा लोढा, निर्मला बुलिया, मेगा बंसाली, उदयलाल माली, संजय लोढा सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## मीनल पांचवीं बार अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में नृत्य की प्रस्तुति देगी

**पुष्कर,** (निसं.)। आपकी अपनी पुष्कर की सुपुत्री मीनल शर्मा बुधवार को शाम सात बजे पुष्कर के मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य पेश किया। मीनल हाल ही में मुंबई कत्थक की शिक्षा ले रही है। कत्थक गुरु राजेंद्र जी चतुर्वेदी के सानिध्य गोपी कृष्ण नृत्य अकादमी में कत्थक सीखा रही है। जहा देश की कई ख्याति प्राप्त हीरोइन जिसमें कंगना रनौत, हर्षाली, ओर उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया अंकिता लोखंडे मीनल के साथ मुंबई में नृत्य कर रही है। मीनल बचपन से ही प्रतिभावान रही है। मीनल पुष्कर म्यूजिक स्कूल के निदेशक दिनेश पाराशर के ततवाधान में सेकडो जगह बड़े कार्यक्रम कर चुकी है। पुष्कर जन्म भूमि होने के कारण मीनल शर्मा हर बार कार्यक्रम पेश करने के लिए मेले में आती है।



नृत्य करती हुई मीनल शर्मा।

मीनल पद्मविभूषित बिरजू महाराज की रचना है उस पर नृत्य करने किया। बिरजू महाराज की इस रचना को बिरजू महाराज ने ही संगीत भी दिया है। ओर गया भी बिरजू महाराज ने ही है। बिरजू महाराज जयपुर घराने से संबंध रखते है।

## अभिभाषक परिषद ने किया धरना स्थगित

**बान्दनवाड़ा,** (निसं.)। मसूदा विधानसभा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत व उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार झींगोनिया के आश्वासन पर आज अभिभाषक परिषद भिनाय के पदाधिकारीयों ने जारी धरने को स्थगित करवाया।10 फरवरी 2023 को बजट घोषणा में भिनाय उपखण्ड में मुसिंफ न्यायालय की घोषणा के उपरान्त भी आज दिनांक तक मुसिंफ न्यायालय का शुभारंभ नहीं होने की मांग को लेकर भिनाय अभिभाषक परिषद ने पिछले डेढ़ माह से जारी धरना अस्थायी रूप से स्थगन कर दिया गया।

भिनाय अभिभाषक परिषद अध्यक्ष त्रिलोक जांगिड़ ने बताया कि आज विधायक कानावत ने विधि मंत्री जोगाराम पटेल से दूरभाष पर बात करवायी व 19 नवम्बर 24 मंगलवार को वार्ता हेतु जयपुर बुलाया। राजस्थान सरकार द्वारा 10 फरवरी 2023 बजट घोषणा में भिनाय उपखण्ड मुख्यालय मुंसिफ न्यायालय की घोषणा की गयी थी।

अधीसुचना के ढेड साल से ज्यादा वक्त गुजरने के बावजूद मुंसिफ न्यायालय की स्थायी स्थापना नहीं हो सकी ना ही अस्थायी रूप से मुंसिफ न्यायालय की शुरूआत हो सकी है।भिनाय न्यायालय के लिए करीबन 2-3 हजार प्रकरण है जो केकड़ी न्यायालय में दर्ज होकर विचाराधीन है।

## सौर और पवन भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों को कम कर सकते हैं : प्रो रंगन बनर्जी

**अजमेर,** (कासं)। भारत की ऊर्जा का भविष्य: सतत विकास की चुनौती' शीर्षक से विचारोत्तेजक व्याख्यान में, प्रमुख शोधकर्ता, शिक्षाविद और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के वर्तमान निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने संसाधन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थायी प्रथाओं की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सौर और पवन भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों को कम कर सकते हैं।

■ राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'भारत की ऊर्जा का भविष्यः सतत विकास की चुनौती' पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित

प्रो. बनर्जी ने राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में सभी को संबोधित करते हुए जोर दिया कि, 'पृथ्वी के पास सीमित संसाधन हैं, लेकिन घातीय वक्र अनंत संसाधनों की मांग करता है। एक स्थायी दृष्टिकोण के बिना, हमारे वर्तमान उपभोग पैटर्न भविष्य में जारी नहीं रह सकते।'

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला में 39वां व्याख्यान था, जो एक ऐसा मंच है जो विश्वविद्यालय समुदाय के साथ जुड़ने के लिए शिक्षा, व्यवसाय, कला और नागरिक समाज के प्रसिद्ध विशेषज्ञों को आमंत्रित करता है।

प्रो. बनर्जी के व्याख्यान में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और वायु प्रदूषकों के पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभावों, जैसे कि फोटोकैमिकल स्मॉग, ओजोन क्षरण और अम्लीय वर्षा सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने 'मानवता के लिए सुरक्षित संचालन स्थान' अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की और साथ ही आर्थिक विकास और पर्यावरण प्रबंधन के बीच संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. बनर्जी ने प्रतिभागियों को काया पहचान से परिचित कराया, जो कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को प्रभावित करने वाले कारकों को विभाजित करता है: जनसंख्या, प्रति व्यक्ति जीडीपी, ऊर्जा तीव्रता और कार्बन तीव्रता। इन तत्वों का विश्लेषण करके, उन्होंने जलवायु परिवर्तन के खतरे को उजागर किया, जिसका समर्थन आइस कोर ऑक्सीजन समस्थानिक हस्ताक्षरों और मौना लोआ सीओटू वक्र के डेटा द्वारा किया गया।

उन्होंने 'कॉमन्स की त्रासदी' पर भी चर्चा की, जो स्व-हित से प्रेरित संसाधन का एक पर्यावरण सिद्धांत है, और सुझाव दिया कि सौर और पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत इन चुनौतियों को कम कर सकते हैं। राजस्थान की सौर पहलों का उदाहरण के रूप में उपयोग करते हुए, उन्होंने अक्षय ऊर्जा के लाभ और सीमाओं का पता लगाया, जिसमें गैर-सौर घंटों के दौरान चरम मांग को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण समाधान की आवश्यकता भी शामिल थी।



प्रो. रंगन बनर्जी का सम्मान किया गया।

## मसूदा ने मारी बाजी

**मसूदा,** (निसं.)। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में मसूदा ने बाजी मारते हुए फाइनल में प्रवेश किया। पंचायत समिति के द्वारा भेजे जाने वाले दलों में कबड्डी प्रतियोगिता में मसूदा का दल फाइनल में पहुंचा जिसमे दल के कप्तान भोजराज बैरवा कोच दिलीप टांक, देवेन्द्र सिंह राठौड़ रहे वही बॉलीबॉल प्रतियोगिता मेंकप्तान सुभाष गोयर कोच दिलीप चौधरी रहे रस्साकसी प्रतियोगिता में मसूदा फाइनल में कप्तान पहुंचा जिसमे इकबाल कप्तान एवम कोच अशोक मौर्य रहे। अब गुरुवार को मसूदा की तीनों टीम फाइनल मैच खेलेगी।


**NAME CHANGE**

I have changed my name from Praveen Kumar Jain S/O Sugan Chand Jain to Praveen Jain S/O Sugan Chand Jain. Address: House No. 114, Adarsh Nagar, Ajmer Road, Beawar, District : Beawar (Rajasthan)

**NAME CHANGE**

I, LALATA PATRO Father of 15807681K Rank GNR (OFC), Name: LIJU PATRO Residing at Vill:- CHHELIA, Post:- SASANAPADAR, Tehsil:- KANISI, Distt- GANJAM, State:- ODISHA, Pin 761008 have changed my name from LALATA PATRO to LALAT PATRA vide affidavit BW 942324 Dated 13/11/2024 before Court campas Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, RENUKA PATRO Mother of 15807681K Rank GNR(OFC), Name: LIJU PATRO Residing at Vill:- CHHELIA, Post:- SASANAPADAR, Tehsil:- KANISI, Distt- GANJAM, State:- ODISHA, Pin 761008 have changed my name from RENUKA PATRO to RENUKA PATRA vide affidavit BW 942325 Dated 13/11/2024 before Court campas Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, KIRTI BALA, Daughter of JC-674673F Rank Sub, Name: RAMESH SINGH KUSHWAHA Residing at Vill:- HABASPUR, Post:- NONAHARA,Tehsil:- MUHMMDABAD, Distt- GHAZIPUR, State UTTAR PRADESH, Pin 233303 have changed my name from KIRTI BALA to KRITI KUSHWAHA vide affidavit BW 942323 Dated 13/11/2024 before Court campas Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, Army No 15348007M Rank : HAV, Name: JASWANT SINGH Residing at Vill.- GAJPUR Post- KOTLA POWER HOUSE Teh.- ANANDPUR SAHIB, Dist- RUPNAGAR State PUNJAB have change my wife's SURINDER KAUR DOB from 01/04/1987 to 01/04/1990 vide e stamp Date 23-08-2024 before Notery ANANDAPUR SAHIB



**कार्यालय नगर पालिका सरवाड़ जिला केकड़ी (राज0)**

क्रमांकःनपास./2024/1034 दिनांक :- 11.11.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत राज्य सरकार के परिपत्र की पालना में नगर पालिका सरवाड़ को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है, यदि कोई व्यक्ति खुले में शौच करता हुआ पाया गया तो 500/- रूपये एवं खुले में मूत्र करने पर 100/- रूपये जुर्माना वसूल करने की कार्यवाही की जायेगी। कृपया सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करें।

राज.संवाद/सी/24/7686 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.वि/निर्माण.स्वी./2024/3973 **आम सूचना** दिनांक : 11.11.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**भवन निर्माण**

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 115 | नरेन्द्र सिंह पुत्र गजराज सिंह | इन्दिरानगर बिजयनगर ब्लॉक बी प्लाट नं. 113 (1) | 92.9 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगर परिषद् पुष्कर (अजमेर)**

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2024/2773 दिनांक : 12-11-24

**लोक सूचना**

आवेदक श्री रोहित अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद, नागौर रोड गनाहेडा पुष्कर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन (व्यावसायिक प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| पुष्कर जिला अजमेर | गनाहेडा तहसील पुष्कर | खसरा नं. 3223/2975 नागौर रोड गनाहेडा पुष्कर | क्षेत्रफल 659.88 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों को साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप को अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..............को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद पुष्कर

**कार्यालय नगर परिषद् पुष्कर (अजमेर)**

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2024/2775 दिनांक : 12-11-24

**लोक सूचना**

आवेदक श्री रोहित अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद, नागौर रोड गनाहेडा पुष्कर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन (व्यावसायिक प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| पुष्कर जिला अजमेर | गनाहेडा तहसील पुष्कर | खसरा नं. 3225/2975 नागौर रोड गनाहेडा पुष्कर | क्षेत्रफल 652.00 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों को साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप को अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..............को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद पुष्कर

**कार्यालय नगर परिषद् पुष्कर (अजमेर)**

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2024/2771 दिनांक : 12-11-24

**लोक सूचना**

आवेदक श्री रोहित अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद, नागौर रोड गनाहेडा पुष्कर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| पुष्कर जिला अजमेर | गनाहेडा तहसील पुष्कर | खसरा नं. 3224/2975 नागौर रोड गनाहेडा पुष्कर | क्षेत्रफल 721.47 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों को साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप को अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..............को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद पुष्कर

**कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)**

क्रमांक- पसम/निविदा/2024/5193 दिनांक -13-11-2024

**सिमित निविदा सूचना**

निम्नांकित संकमो के सम्पादन हेतु पंचायत समिति मसूदा की निम्नांकित रजिस्टर्ड फर्मों से कार्यो के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू. (लाखों में) | धरोहर राशि रू. | फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की दिनांक समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पंचायत समिति मसूदा परिसर में सार्वजनिक शौचालय निर्माण | 2.00 | 4000 | 20.11.2024 को प्रातः 12 बजे तक | 20.11.2024 को प्रातः 4.00 बजे |
| 2 | पंचायत समिति परिसर में अतिथि घर के पास सीढिया व सुरक्षा दीवार | 1.00 | 2000 | | |

Bid No-ZAJ2024-25- W SOB 00852

नोट-

1. पंचायत समिति में निविदा फार्म शुल्क राशि 500/- जमा करा निविदा फार्म व्यक्तिशः रूप से उपस्थित होकर दिनांक 19.11.2024 को सायः 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

(मीनू कंवर) प्रधान पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

(संदेश पाराशर RRDS) विकास अधिकारी पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)